हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 30 सितंबर 2025




# गड़करी ने किया 38 करोड़ की रमानगर पुलिया का लोकार्पण

> बावनकुले, जैसवाल, कुंभारे, सावरकर, रेड्डी भी रहे शामिल
> कामठी शहर और ग्रामीण अंचल को मिलेगी 'नई रफ्तार'






**कामठी, सौमित्र नंदी**

कामठी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित रमानगर रेलवे पुलिया का भव्य लोकार्पण सोमवार, 29 सितंबर को संपन्न हुआ। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहर में इस सात सौ मीटर लंबी पुलिया का उद्घाटन किया। लगभग 38 करोड़ रुपए की लागत से बनी यह पुलिया क्षेत्र की कनेक्टिविटी को सुगम बनाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकार्पण समारोह में बोलते हुए, नितीन गडकरी ने इस पुल को क्षेत्र के तेज आवागमन और व्यापार के लिए 'विकास का सेतु' बताया। यह पुलिया न केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि क्षेत्र के निवासियों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाएगी। स्थानीय निवासियों का मानना है कि इसके शुरू होने से कामठी शहर और आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन को अभूतपूर्व गति मिलेगी, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को नई दिशा देगी। इस गौरवशाली अवसर पर महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे, मंत्री एड आशीष जैसवाल, पूर्व मंत्री एड.सुश्री सुलेखाताई कुंभारे, पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर और मल्लिकार्जुन रेड्डी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस मौके पर पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले व पूर्व राज्यमंत्री एंड सुलेखाताई कुंभारे ने संबोधन में कहा कि पुलिया के उद्घाटन से क्षेत्र की रफ़्तार बढ़ने और स्थानीय व्यापार को बल मिलने की उम्मीद है। और स्थानीय निवासियों को आवागमन में हो रही असुविधा समाप्त होगी। कार्यक्रम में इसके अलावा भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंदराव राऊत, रामटेक जिला अनिल निधान, नागपुर जिला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कामठी प्रभारी राजेश रंगारी, कामठी शहर अध्यक्ष मंगेश यादव, प्रदेश सचिव कपिल गायधने, ज़िला कार्यसमिति सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल और युवा मोर्चा अध्यक्ष अल्केश लांजेवार, वैद्यकीय आघाडी के डॉ. संदीप कश्यप, शहर महामंत्री विनोद संगेवार, जिला मंत्री सुनील खानवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष संजय कनौजिया, पूर्व शहर अध्यक्ष चंद्रशेखर तूप्पट, शहर कार्याध्यक्ष राज हाडोती, कोराडी मंडल अध्यक्ष ब्रह्मा काले, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, किसान मोर्चा प्रदेश सचिव आशीष वंजारी, पूर्व नगरसेवक प्रतीक पडोले, बरिएमं के विदर्भ महासचिव व कामठी नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, छावनी परिषद मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सीरिया, पूर्व महामंत्री विजय कोंडुलवार, पूर्व महामंत्री राजेश देशमुख, व्यापार आघाड़ी के नरेश पारवानी, समाजसेवी बॉबी मानवटकर, सार्वजनिक बांधकाम विभाग के जनार्दन भानुसे, पराग ठमके सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।



# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

## हेरॉइन और एमडी ड्रग्स के दो अलग-अलग मामलों में दो तस्कर गिरफ्तार

**नागपुर.**

शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों कार्रवाइयों में करीब सात लाख 91 हजार रुपये कीमत की हेरोइन और एमडी ड्रग्स जब्त की है। पकड़े गए आरोपियों को संबंधित पुलिस थानों के हवाले कर दिया गया है।

पहली कार्रवाई पांचपावली पुलिस थाना क्षेत्र के वैशाली नगर घाट के पास रमाबाई नगर में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रैप लगाकर रकीब अहमद अमीरूद्दीन मलिक ताजनगर टेक का निवासी को संदिग्ध हालात में मोपेड पर घूमते हुए पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 12 ग्राम हेरोइन और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पकडे गए माल की कुल कीमत 1,71,000 रुपये बताई जा रही है। रकीब अहमद के खिलाफ इससे पहले जबरी चोरी और ड्रग्स तस्करी सहित करीब तीन अपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच में पता चला कि वह यह ड्रग्स कपिल नगर निवासी कयूम अहमद अमीरूद्दीन मलिक रजा टाउन नाका नंबर २ कपिल नगर निवासी से लाया था, जिसके खिलाफ पहले से ही शराब और ड्रग्स तस्करी के 10 मामले दर्ज हैं।

### दूसरी कार्रवाई राणा प्रताप नगर में

दूसरी कार्रवाई राणा प्रताप नगर पुलिस थाना क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित कामगार नगर इलाके में हुई। यहां पुलिस ने चेतन मुन्ना महतो(२९) स्वीपर कॉलोनी, सुभाष नगर निवासी को मोपेड, मोबाइल फोन और 106 ग्राम एमडी पाउडर के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और मारपीट जैसे तीन मामले पहले से दर्ज हैं। जांच में खुलासा हुआ कि वह यह ड्रग्स मुंबई के तस्कर अकबर शेख से लेकर आया था। पकड़े गए माल के कुल कीमत करीब ६ लाख २० हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों ही मामलों में फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# पहचान छुपा कर जालसाजी करने का आरोप

### सीबीआई ने गिट्टी खदान पुलिस थाने में मामला करवाया दर्ज

**नागपुर.**

गिट्टी खदान पुलिस थाना अंतर्गत एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है, जहां चार लोगों के खिलाफ जाली दस्तावेज बनाने और सरकारी प्रक्रिया को धोखा देने का आरोप लगा है। यह मामला गिट्टीखदान के रोहिणी बिल्डिंग के प्लॉट नंबर 205 से जुड़ा हुआ है।

फरियादी, राहुल कुमार, जो सीबीआई में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं, ने गिट्टी खदान पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं। कुमार के मुताबिक, आरोपियों के एक संगठित समूह ने कम्प्यूटर और तकनीक का गलत इस्तेमाल करके नकली पहचान पत्र और पैन कार्ड तैयार किए।




इन जाली दस्तावेजों की मदद से उन्होंने न केवल अपनी असली पहचान छुपाई, बल्कि अलग-अलग पतों पर रहकर अवैध आर्थिक लेनदेन भी किए।

इसके साथ ही, उन पर आरोप है कि उन्होंने सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ चल रहे दो अलग-अलग मामलों में जारी किए गए कोर्ट के समन्स को भी नजरअंदाज किया। इन मामलों में धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।

इस नेटवर्क में माधव शुभकरण चुरेवाल, शुभकरण राजकुमार चुरेवाल, दीपक सुरेंद्र चुरेवाल और राजेश शुभकरण चुरेवाल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त थे और बनावटी कागजात तैयार कर सरकारी व्यवस्था को चकमा दे रहे थे। फरियादी की शिकायत पर गिट्टी खदान पुलिस ने इस मामले की एक विस्तृत जांच शुरू कर दी है.

# वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

> क्राइम ब्रांच यूनिट-2 की कार्रवाई

**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने बजाजनगर थाना क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए एक आरोपी और उसके दो नाबालिग साथियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो चोरी की स्कूटी और मोबाइल फोन सहित करीब 1.50 लाख रुपये का माल जब्त किया है। घटना 2 सितंबर 2025 की सुबह करीब 7 बजे की है। बजाजनगर के गणेश सोसायटी, प्लॉट नं. 10 में रहने वाले 65 वर्षीय कमलाकर जागोबा जिभकाटे ने अपनी होंडा एक्टिवा (क्रमांक एमएच-31 एएक्स 1869, कीमत 50,000 रुपये) सोसायटी के पार्किंग में लॉक कर खड़ी की थी। उसी दौरान अज्ञात चोरों ने वाहन चोरी कर लिया। इस संबंध में बजाजनगर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच यूनिट-2 के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुख्ता जानकारी के आधार पर आर्यन धीरज गायकवाड़ (19 वर्ष, निवासी बेसा रोड, अलंकार नगर चौक) को उसके दो नाबालिग साथियों सहित हिरासत में लिया।



पूछताछ में आरोपियों ने बजाजनगर क्षेत्र से होंडा एक्टिवा चोरी करने की बात स्वीकार की। उनके कब्जे से होंडा एक्टिवा (एमएच-31 एएक्स 1869), एक अन्य होंडा एक्टिवा (एमपी-28 एससी 0102) और दो मोबाइल फोन कुल मिलाकर लगभग 1.50 लाख रुपये का माल जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि नाबालिगों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया है और मुख्य आरोपी को माल सहित बजाजनगर पुलिस के हवाले किया गया है। आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त रविन्द्रकुमार सिंगल, सह पुलिस आयुक्त नविनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त (गुन्हे) वसंत परदेशी, पुलिस उपायुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर तथा सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम ब्रांच) अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट-2 के अधिकारियों और कर्मचारियों ने की।

# पारडी में पैदल जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन चालक ने कुचला

**नागपुर.**



शहर के पारडी इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रविवार 28 सितंबर की शाम करीब 7 बजे से 7 बजकर 15 मिनट के बीच, नाका नंबर 5, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने, भंडारा–नागपुर रोड पर यह दुर्घटना घटी। जानकारी के अनुसार, लगभग 60 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति सड़क किनारे पैदल जा रहा था। तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे एक अज्ञात वाहन चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत मेयो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस मामले में पारडी पुलिस थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# नागपुर पुलिस ने चोरी के 50 दुपहिया वाहन मालिकों को लौटाए

**नागपुर.**

शहर के परिमंडल क्रमांक 4 अंतर्गत हुडकेश्वर पुलिस थाने में सोमवार को 'वाहन वापिस करने का समारोह' आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस उपायुक्त रश्मिता राव की संकल्पना के तहत आयोजित हुआ। समारोह में पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल ने अपने हाथों से मूल मालिकों को चोरी गए वाहन लौटाए। हुडकेश्वर थाना अंतर्गत आरोपी रितिक असोपा और ऋषभ असोपा नामक दो भाइयों को गिरफ्तार कर 25 लाख रुपये मूल्य के 50 चोरी के दोपहिया मोपेड वाहन बरामद किये गए थे। नवरात्र उत्सव के अवसर पर इन वाहनों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। इस दौरान बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में हुई दो चैन स्नैचिंग घटनाओं के मंगलसूत्र भी शिकायतकर्ताओं को वापस किए गए। पुलिस आयुक्त सिंगल ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नागपुर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने ऑपरेशन 'थंडर' के अंतर्गत नशे के मामलों में गुप्त जानकारी देने का भी आह्वान किया और नागरिकों को अपने वाहनों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर चोरी के 50 वाहन जब्त करने और घरफोड़ियों का खुलासा करने वाले हुडकेश्वर पुलिस थाने के अधिकारियों, वाठोड़ा में कुख्यात आरोपी के घर से अवैध हथियार जब्त करने वाले पुलिसकर्मियों तथा संदिग्ध वाहनों पर कार्रवाई करने वाले नंदनवन के दुर्गा मार्शल को प्रमाणपत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स.पो.नि. रामटेके ने किया, प्रस्तावना एसीपी अजनी विभाग के नरेंद्र हिवरे ने रखी और आभार प्रदर्शन पो.नि. हृदयनाथ यादव ने किया।



## प्राध्यापक की नसीहत पर बवाल, नशे में छात्रों ने की पिटाई

**नागपुर.** कॉलेज परिसर में अनुशासन बनाये रखने की कोशिश एक प्राध्यापक के लिए भारी पड़ गई। छात्रों को शराब न पीने की नसीहत देना प्राध्यापक को महंगा पड़ा। खापरखेड़ा स्थित कॉलेज में 27 सितंबर को यह घटना हुई। सचिन कोरडे, जो कॉलेज में प्राध्यापक हैं, ने देखा कि कुछ छात्र नशे की हालत में क्लास में आ रहे हैं। उन्होंने उन्हें शराब न पीने और अनुशासन में रहने की समझाइश दी। बताया जाता है कि इस नसीहत से छात्र भड़क गए। आरोप है कि छात्रों ने अपने साथियों को बुलाकर कोरडे के साथ अभद्रता की, गालियां दीं, धमकियां दीं और उनकी कार को नुकसान पहुंचाया।

# कोलकाता सीबीआई अधिकारी पर नागपुर में हमला

## सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज

**नागपुर.** शहर में एक गंभीर घटना सामने आई है, जिसमें कोलकाता के सीबीआई पुलिस निरीक्षक सौरभ कुमार और उनके स्टाफ पर आरोपियों ने हमला किया। घटना रामदासपेठ के होटल तुली इम्पीरियल में 28 सितंबर की रात को घटी। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सौरभ कुमार, जिनके खिलाफ कोलकाता में धोखाधड़ी और विश्वासघात के मामले दर्ज हैं, अपने स्टाफ के साथ तीनों आरोपियों के पते पर गिरफ्तारी वारंट लेकर नागपुर पहुंचे थे। इन तीनों के होटल में होने का पता चलने के बाद सीबीआई की टीम इन तीनों को गिरफ्तार करने के लिए होटल में पहुंची। घटना के दौरान आरोपियों ने सौरभ कुमार और उनके स्टाफ के साथ मारपीट की, गालियां दी और अटक वारंट को लागू होने से रोकने का प्रयास किया। इससे सरकारी काम में अड़चन उत्पन्न हुई। सिताबर्डी पुलिस ने विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । आरोपियों में मनोज कुमार जयस्वाल, दिलीप कुमार सुखदेव शाहू, त्रिलोक सिंह जगतसिंह और एक अज्ञात व्यक्ति का समावेश है।

## मकान की डील रद्द होने पर प्रॉपर्टी डीलर पर रॉड से हमला

**नागपुर.** पांचपावली थाना क्षेत्र में मकान की बिक्री का सौदा रद्द होने पर दो युवकों ने एक प्रॉपर्टी डीलर पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, घायल प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद शकील पोटियावाला (59), निवासी बंगाली पंजा, प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। आरोपी सोहेल खान (27) ने शकील को बताया था कि एजाज खान अपना मकान बेचना चाहता है। शकील ने एजाज को खरीददार भी मुहैया कराया। हालांकि बाद में यह सौदा नहीं हो पाया, जिससे एजाज और सोहेल नाराज़ हो गए। उन्होंने शकील को गालियां दीं और गुस्से में आकर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

# बावनकुले ने किसानों के नुकसान का पूर्ण आंकलन शुरू किया

**नागपुर.**

> सरकार का वादा- कोई किसान पंचनामा से न छूटे, अधिकारी करेंगे सक्रिय सहायता

नागपुर में राजस्व मंत्री और जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के नुकसान का पूरा आंकलन कर रही है और किसी भी किसान की जमीन पंचनामा से न छूटे, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त के साथ बैठक कर इस बात को सुनिश्चित किया है। बावनकुले ने बताया कि प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारणों से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार किसानों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी जब मैदान में रहेंगे और किसानों के साथ होंगे, तभी किसानों को सही मदद मिल सकेगी।



**महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश ने मचाई तबाही :** नागपुर उपराजधानी सहित कल्मेश्वर और सावनेर तहसील में दो दिन पहले हुई जोरदार बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। भारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण संतरा, कपास, सोयाबीन और सब्जियों की फसलें पूरी तरह जलमग्न और बर्बाद हो गईं। खासकर संतरे की फसल पर गहरा असर पड़ा है, जिससे बागवानों को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। किसान इस आपदा से बेहद निराश और हताश हैं, क्योंकि कर्ज के बोझ तले दबे किसानों की फसलें बर्बाद होने से उनकी आर्थिक स्थिति और भी दयनीय हो गई है।

**पालकमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा :** सोमवार को बावनकुले ने कल्मेश्वर तहसील के दाढ़ेर गांव का दौरा कर प्रभावित खेतों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद किया और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी।

**किसानों को बड़ा नुकसान, मुआवजे की तैयारी :** मंत्री बावनकुले ने बताया कि नागपुर जिले में लगभग 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें तबाह हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर में भी यही स्थिति है, अमरावती में भी भारी नुकसान हुआ है। सरकार किसानों के लिए मुआवजा दिलाने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि अगस्त और सितंबर में लगभग 50 लाख हेक्टेयर फसल का सर्वेक्षण किया गया है और अक्टूबर के शुरुआती दिनों तक पूरी स्थिति का पता लग जाएगा। इसके साथ ही जानवरों के नुकसान और अन्य प्रभावित परिवारों की भी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**सरकार किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है :** बावनकुले ने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है और सभी नुकसान का निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में हर संभव कदम उठाएगी ताकि वे इस संकट से उबर सकें।



# जीत हत्याकांड को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग

## > मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन



**खापरखेड़ा.**

ग्यारह वर्षीय स्कूली छात्र जीत युगराज सोनेकर की 15 सितंबर को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। उसका शव 17 सितंबर को चनकापुर कॉलोनी के पास झाड़ियों में बरामद हुआ था। इस हत्याकांड से पूरा नागपुर जिला स्तब्ध है। दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने और मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग को लेकर लगातार कैंडल मार्च और आंदोलन हो रहे हैं।

इसी कड़ी में, विधायक डॉ. आशीष देशमुख के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 28 सितंबर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर स्थित सरकारी आवास रामगिरी पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। चूंकि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर गए थे, इसलिए उनका निजी सहायक चेतन मोरे ने ज्ञापन स्वीकार किया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि जीत हत्याकांड को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए और आरोपियों को फांसी की सजा दिलाई जाए। इस पर चेतन मोरे ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री को पूरा मामला अवगत कराएंगे और विशेषज्ञ वकीलों की नियुक्ति के साथ ही मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने का प्रयास करेंगे।

प्रतिनिधिमंडल में डॉ. आशीष देशमुख के साथ डॉ. राजीव पोतदार, जिलाध्यक्ष मनोहर कुंभारे, रामराव मोवाडे, विलास महल्ले, अमर जैन, पवन धुर्वे, आशीष फुटाने, नितीन गोस्वामी, गणेश चिखले, सुनील जालंदर, भिवा तांडेकर, अभय मिश्रा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

### वेकोली की जर्जर इमारतें गिराने की कार्रवाई शुरू

वलनी, चनकापुर और सिल्लेवाड़ा क्षेत्रों में वेकोली द्वारा कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बनाई गई इमारतें अब खंडहर में बदल चुकी हैं। इन इमारतों पर अपराधियों का कब्जा है और यहां अवैध धंधे चल रहे हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ी हुई है। इन्हीं जर्जर इमारतों में से एक का इस्तेमाल आरोपियों ने जीत के शव को छिपाने के लिए किया था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला नियोजन समिति की बैठक में पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने वेकोली प्रशासन को तत्काल इन जर्जर इमारतों को तोड़ने का आदेश दिया। आदेश के बाद वेकोली ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है और जल्द ही खंडहर इमारतों को गिराने की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

## सारिका घोडमारे आदर्श शिक्षिका पुरस्कार से सम्मानित



**कामठी.** शिक्षा के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के असाधारण योगदान के लिए, ज्योतिबा उच्च माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका सौ. सारिका अनिल घोडमारे को 'महाराष्ट्र राज्य आदर्श शिक्षिका पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। बी द चेंज फाउंडेशन, शिर्डी, द्वारा दि. 28 सितंबर को आयोजित एक समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। सौ. घोडमारे पिछले 31 वर्षों से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं और उन्होंने हजारों छात्रों को सफल जीवन जीने के लिए तैयार किया है। उनके पढ़ाए हुए कई विद्यार्थी आज डॉक्टर, इंजीनियर और शासकीय कर्मचारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। यह पुरस्कार उनके समर्पण, निष्ठा और उत्कृष्ट कर्तृत्व का वास्तविक सम्मान है। पुरस्कार मिलने पर उन्हें पूरे समाज और शिक्षक समुदाय की ओर से हार्दिक अभिनंदन प्राप्त हो रहा है। समाजसेवी राहूल गौर ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया कि सारिका घोडमारे का यह सम्मान समस्त शिक्षा जगत के लिए गर्व का विषय है। उनके द्वारा किए गए सत्कारणीय कार्य आज भी जारी हैं, जो दर्शाते हैं कि एक शिक्षक किस प्रकार समाज के भविष्य निर्माण में अमूल्य योगदान दे सकता है।

## रामटेक पुलिस निरीक्षक पद पर अरविंद कतलाम ने संभाला कार्यभार



**रामटेक.** रामटेक पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक पद का कार्यभार अरविंद कतलाम ने संभाल लिया है। तत्पर और अनुभवी अधिकारी कतलाम को हाल ही में खापरखेड़ा से स्थानांतरित कर रामटेक में नियुक्त किया गया है। इस पदभार को उन्होंने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ स्वीकार किया है। पूर्व पुलिस निरीक्षक रविंद्र मानकर का स्थानांतरण पांचगांव किया गया है, जिसके बाद रामटेक क्षेत्र की कानून व्यवस्था की कमान कतलाम को सौंपी गई है। अरविंद कतलाम अब तक खापरखेड़ा क्षेत्र में प्रभावी ढंग से कार्य कर चुके हैं और उनकी कार्यशैली तथा प्रशासनिक कौशल ने स्थानीय नागरिकों का विश्वास अर्जित किया है। रामटेक में भी वे अपराध नियंत्रण, अनुशासन कायम रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने को प्रतिबद्ध हैं। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि इस नए नेतृत्व से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। अरविंद कतलाम ने भी संकल्प व्यक्त किया है कि वे रामटेक की जनता को सुरक्षित वातावरण और न्याय की गारंटी दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## पूर्व अध्यक्ष शाहजहां ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया वासनिक का जन्मदिन



**कामठी.**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और राज्यसभा सदस्य मुकुल वासनिक का जन्मदिन बड़े ही उत्साह और सेवाभाव से मनाया गया। यह आयोजन नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष शाहजहां सफाअत की ओर से किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले सेठ कस्तूरचंद डागा बाल सदन (अनाथालय) के अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया। शाहजहां सफाअत ने बच्चों को फल, चिप्स और बिस्कुट पैकेट वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इस अवसर पर कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश दुबे, उपाध्यक्ष और कार्यालय प्रभारी लक्ष्मण संगेवार, कामठी शहर सेवादल के अध्यक्ष नीतेश यादव, महिला कांग्रेस की अध्यक्षा कु. सुरैया बानो, नगर परिषद के पूर्व पार्षद मोहम्मद अरशद और पूर्व पार्षद उबैद अफरोज शामिल थे।

इनके अलावा, गोल्डन न्यूज के संपादक एम.ए. जब्बार, तौसीफ खान, तौसीफ फैजी, नागपुर जिला युवक कांग्रेस के महासचिव विशाल टाकभवरे, नगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव वासिक अंसारी, सेवादल के संघटक अब्दुल सलाम, विक्की सिंघानिया, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष शाहीन शेख, महासचिव चेतना गोडबोले, आशा तय गौरे, समसुन बाजी, विभा मेश्राम, शबाना परवीन, असगरी बेगम सहित कई अन्य कार्यकर्तागण भी मौजूद थे।

## पुलिस बनकर वृद्ध पुजारी से लूट : 70 हजार के गहने लेकर फरार

**रामटेक.**



रामटेक के अंबाला टर्निंग इलाके में रविवार सुबह ठगी की एक बड़ी वारदात सामने आई। दो अज्ञात युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक वृद्ध पुजारी से सोने के गहने ठग लिये। आरोपी करीब 70,000 के गहने लेकर मौके से फरार हो गए। मामले की शिकायत रामटेक पुलिस थाने में दर्ज कर ली गई है।

**घटना ऐसे हुई :** अंबाडा निवासी 72 वर्षीय सुरेश लालचंद दुबे रोजाना की तरह स्कूटी से पूजा-पाठ के लिए जा रहे थे। रास्ते में अंबाळा टर्निंग के पास दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और उन्हें रोक लिया। युवकों ने खुद को पुलिस बताया और कहा कि ऊपर से आदेश है कि इस रास्ते से जाने वाले लोगों के गहने सुरक्षित रखवाए जाएं। बातों में फंसाकर आरोपियों ने दुबे से उनकी सोने की अंगूठी (5 ग्राम) और गले की चेन (10 ग्राम) ले ली और कागज की एक पुड़िया बनाकर वापस सौंप दी। उन्होंने कहा कि घर जाकर इसे खोलना। जब दुबे ने कुछ दूरी पर पुड़िया खोली, तो उसमें केवल पत्थर और गोटियां निकलीं। ठगी का अहसास होते ही वे तुरंत पुलिस थाने पहुंचे।

**पुलिस की कार्रवाई :**रामटेक पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद कतलाम ने नागरिकों से अपील की है कि 'अगर कोई अजनबी खुद को पुलिस बताकर गहने या निजी जानकारी मांगे, तो उस पर विश्वास न करें। तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचना दें।'

## तेजस ने किया अन्न और किराना सामान का वितरण

**कामठी.**



मानव सेवा को ईश्वरीय सेवा मानते हुए तेजस बहुउद्देशीय संस्था पिछले पाँच वर्षों से लगातार भूखे और लाचार लोगों को अन्न और किराना सामान वितरित कर रही है। संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार का मानना है कि जो लोग मजबूरों की मदद करते हैं, वे इंसान के रूप में भगवान होते हैं।

इसी भावना के साथ संस्था ने 27 सितंबर को भी कुंभारे कॉलोनी, कादर झंडा मस्जिद के पीछे जयभीम चौक, छोटी अजनी, और कन्हान सत्रापुर जैसे क्षेत्रों में जरूरतमंदों को अन्न और किराना सामग्री का वितरण किया। जिसके लिए अन्न का संग्रहण संस्था और उसके सहयोगी करते हैं। इस सेवा कार्य में कई समाजसेवियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होता है।

कामठी कैंट के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भूटानी, नागपुर के विदर्भ वादी नेता सी ए सुनील चोखारे, सी.ए. शिल्पी टिबड़ीवाल, तिवारी गैस एजेंसी के संचालक जयप्रकाश उर्फ बबलु तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र उर्फ मोंटू भुटानी, राजू अग्रवाल जी. डी., महाराष्ट्र कपड़ा केंद्र कामठी के मनोज बतरा, डॉ नयना दुपारे, सामाजसेविका रजनी पिल्ले , और राजस्थान झालावाड़ पुलिस के हवलदार पदम वर्मा जैसे गणमान्य लोग संस्था की मदद करते हैं। वितरण के समय अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार, उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे के पुत्र अभय पेटारे, मार्गदर्शक एम.ए. जब्बार, और सदस्य नरेश शिंदे उपस्थित थे।

## अजनी में बारह ज्योतिर्लिंगों के दृश्य ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**कामठी.**



नवरात्रि उत्सव के अवसर पर कामठी तालुका के अजनी गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। गांव के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव मंडल द्वारा स्थापित बारह ज्योतिर्लिंगों के आकर्षक दृश्य ने आसपास के क्षेत्रों में विशेष आकर्षण पैदा किया है। स्थानीय उत्साही युवाओं ने बिना किसी अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन के यह अद्भुत दृश्य तैयार किया है। उन्होंने व्यर्थ वस्तुओं का उपयोग करके एक गुफा का निर्माण किया है, जिसके भीतर मिट्टी और पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की मदद से बारह ज्योतिर्लिंगों की स्थापना की गई है। इस दृश्य का मुख्य आकर्षण बाघ के मुख वाली गुफा है। इसके चारों ओर लगाए गए वृक्षों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया है। रंगीन रोशनी से सजे इस दृश्य की हर तरफ प्रशंसा हो रही है, और बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा ग्रामीण दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। इस सराहनीय पहल में गांव के गजेंद्र ढोक, ऋषिकेश भोयर, सुमित भोयर और अन्य कई उत्साही युवा, जय बजरंग व्यायाम शाला के सदस्य और दुर्गा उत्सव मंडल के कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से मेहनत की है। इस दौरान गांव के कला शिक्षक विजय वांढरे ने भी मार्गदर्शन कर महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थानीय युवाओं की कला और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने वाला यह उपक्रम आजनी ग्रामवासियों के लिए गर्व का विषय बन गया है।

## मुख्यमंत्री से दशनाम गोसावी समाज के लिए आर्थिक विकास महामंडल की मांग

**नागपुर.**



महाराष्ट्र दशनाम गोसावी समाज शिखर परिषद ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस साहब से दशनाम गोसावी समाज के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक आर्थिक विकास महामंडल (निगम) स्थापित करने की मांग की है। गोसावी समाज के मुद्दों और उनके समग्र आर्थिक विकास की आवश्यकता को मुख्यमंत्री को विस्तार से समझाया गया। मुख्यमंत्री के निवास 'रामगिरी' पर हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में, योगेश बन के नेतृत्व में महाराष्ट्र दशनाम गोसावी समाज के महाराष्ट्र प्रदेश नेता, समन्वय समिति महाराष्ट्र के पदाधिकारी, गोस्वामी समाज महासभा नागपुर के कार्याध्यक्ष महेश गिरी, हिंदू धर्मगुरु दशना अखाड़ा विदर्भ अध्यक्ष गणेश पुरी, प्रशांत गिरी, और जतीन गोस्वामी सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गोसावी समाज की मांगों पर सकारात्मक विचार करने और जल्द से जल्द उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह गारंटी दी कि वह समाज के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए महामंडल स्थापित करने की मांग पर गंभीरता से विचार करेंगे। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल के साथ अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने समाज के भाइयों के लिए एक बैठक आयोजित करने का भी वादा किया, जिससे गोसावी समाज की समस्याओं को हल करने और उनके कल्याण के लिए त्वरित उपाय किए जा सकें, जिससे आशा की एक किरण जगी है।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत उमरेड में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**उमरेड.**



केंद्र सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत उमरेड नगर परिषद, गोदरेज फीडबॅक फाउंडेशन एवं पीएम नप आ. ला. वाघमारे प्राथमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ लेकर सालभर में 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने "गाड़ीवाला आया घर से कचरा निकाल" गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर स्वच्छता का महत्व समझाया।

उमरेड नगर परिषद के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर एवं स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष रविंद्र मिसाल ने विद्यार्थियों से संवाद साधते हुए स्वच्छता का महत्व, दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदतें और स्वच्छ राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। विद्यालय परिसर से स्वच्छता प्रभात रैली भी निकाली गई, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने स्वच्छता विषयक नारे लगाकर आम नागरिकों को जागरूक किया। रैली में संत गाडगे बाबा, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर नगर परिषद के मुख्याधिकारी डॉ. कुलभूषण रामटेके, उपमुख्याधिकारी धनराज पाटिल, स्वच्छता शहर समन्वयक येरिका ताजने, मुख्याध्यापक श्रीराम शेंद्रे, गोदरेज फीडबॅक फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शिक्षिका प्रीति रुईकर ने व्यक्त किया, जबकि तृप्ति भगत एवं प्रियंका उघड़े ने विशेष सहयोग दिया।

## नवरात्र पर माता के गोंधळ कार्यक्रम को मिला उत्स्फूर्त प्रतिसाद

**नागपुर.**

नवरात्र के पावन अवसर पर बेसा क्षेत्र में माता दुर्गा पूजा के तहत विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह और श्रद्धा के वातावरण में आयोजित किए गए। इसी कड़ी में श्री गुरुदेव सेवा भजन मंडल द्वारा देवी का गोंधळ कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

भक्ति गीतों और तालबद्ध संगीत ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। जागराता, गरबा और सांस्कृतिक आयोजनों के चलते पूरे क्षेत्र में उत्सव का उल्लास और सामाजिक बंधन की झलक दिखाई दी। इसी क्रम में आशा कुसुम अपार्टमेंट में भी पारंपरिक रूप से माता की पूजा-अर्चना की गई।

वर्ष 2001 से अमोल भांगे का परिवार यहां नियमित रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भी अमोल भांगे व उनके परिवार ने श्रद्धापूर्वक पूजा कर भक्तों को दर्शन व महाप्रसाद का लाभ दिलाया।

इस अवसर पर अमोल जयस्वल, गणेश चौधरी, आदेश झा समेत अनेक भक्तों की सहभागिता रही। आयोजन सुव्यवस्थित और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने सभी भक्तों के मन को आनंद और संतोष से भर दिया।

## पोरवाल कॉलेज ने मनाई शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंग की जयंती

**कामठी.**



सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज की विशेष दिवस कार्यक्रम समिति और इतिहास विभाग के तत्वावधान से शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंग की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गयी I कार्यक्रम की शुरुआत शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंग के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई. कार्यक्रम के संयोजक एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए सरदार भगत सिंग को भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में एक नायक, वक्ता, लेखक, पाठक तथा शहीद के रूप उनके बहुमुखी व्यक्तित्व उजागर किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. स्वप्निल दाहात ने भगत सिंग के क्रांतिकारी आन्दोलन में उनके साहस और बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से उसी देशभक्ति के पथ पर चलने का आव्हान किया। उपप्राचार्य डॉ. रेनू तिवारी तथा इतिहास अभ्यास मंडल के सलाहकार डॉ. जयंत रामटेके ने सभी को भगत सिंग के राष्ट्रवादी कार्यों से प्रेरणा लेने की सलाह दी।

इस अवसर पर आय. क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. प्रशांत धोंगले, डॉ. यशवंत मेश्राम, डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम, डॉ. जयश्री ठवरे, डॉ. समृद्धी टापरे, डॉ. महेश जोगी, डॉ. विकास कामडी, प्रा. धम्मदिना बोरकर, ग्रंथपाल शिल्पा हिरेखन तथा बहुसंख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रस्ताविक महेश धोंगले, संचालन प्रकाश गोस्वामी व प्रज्ज्वल सोलंकी तथा धन्यवाद कंचन पटले ने माना।

## निधन

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### जीजाबाई ठाकरे



**कामठी.** रनाला स्थित महावीर नगर निवासी नूतन सरस्वती विद्यालय कामठी सेवानिवृत पुरुषोत्तम ठाकरे की पत्नी एवं रनाला गांव तंटामुक्त अध्यक्ष विजय उर्फ बाल्या ठाकरे की माताजी जीजाबाई ठाकरे का सोमवार को दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया। उनकी बैकुंठयात्रा सोमवार को शाम में 5 बजे उनके निवास स्थान से निकालकर अजनी रोड स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# कोंढाली नपं के विकास के लिए डेवलपमेंट प्लान बनाना अत्यावश्यक : स्वप्निल व्यास

**कोंढाली.**

नागपुर जिले की ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत कोंढाली को नगर पंचायत का दर्जा मिले नौ माह पूरे हो चुके हैं। राज्य सरकार के नगर विकास विभाग ने 09 अक्टूबर 2023 को आवश्यक शर्तें पूरी होने के बाद कोंढाली को नगर पंचायत के रूप में मान्यता दी थी। फिलहाल यहाँ चुनाव न होने से प्रशासक धनंजय बोरीकर नगर पंचायत का संचालन कर रहे हैं।

राष्ट्रवादी कॉंग्रेस (शरद पवार गुट) के जिला महासचिव स्वप्निल व्यास ने जानकारी देते हुए कहा कि कोंढाली नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए एक ठोस डेव्हलपमेंट प्लान तैयार करना आवश्यक है। इसी मांग को लेकर काउन्सिल फॉर ह्यूमन राइट्स के काटोल-नरखेड़ तालुका अध्यक्ष बब्लु बिसेन ने प्रशासक को ज्ञापन सौंपा है।




ज्ञापन में नगर पंचायत के लिए कई विकासात्मक सुविधाओं की मांग की गई है, जिनमें –

सर्वसुविधायुक्त नगर पंचायत भवन

प्रशासनिक विभाग और कर्मचारी व्यवस्था

स्वच्छता के लिए वाहन व घंटी गाड़ियाँ (6)

अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड (1), एम्बुलेंस (2), ट्रंकर (2), ट्रैक्टर (3)

भूमिगत नालियाँ व बिजली लाइन

सुरक्षा दीवारें (सायखोड-शिरमी, सोनेगांव-जाम नदी, लेंडी नाला क्षेत्र)

अतिक्रमण हटाना, सार्वजनिक शौचालय, स्वच्छता गृह

युवाओं के लिए खेल का मैदान व सांस्कृतिक भवन

उच्च शिक्षा के लिए पुस्तकालय, महिला प्रशिक्षण केंद्र, पत्रकार भवन

केजी से पीजी तक शैक्षणिक सुविधा

मुख्य सड़कें व आंतरिक मार्ग निर्माण

परिवहन के लिए वाहन अड्डा, साप्ताहिक-दैनिक बाजार व्यवस्था

वर्धा टी-पॉइंट पर एफओबी, डंपिंग यार्ड व घनकचरा प्रबंधन

पौधारोपण और तकनीकी शिक्षा हेतु आईटीआई

स्वप्निल व्यास ने कहा कि नगर पंचायत को विकास निधि मुहैया कराने के लिए स्थानीय विधायक, सांसद, पालकमंत्री, जिलाधिकारी और नगर पंचायत सीओ की संयुक्त बैठक कर राज्य शहरी विकास मंत्रालय से बजट की मांग की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि नौ माह में से दो माह आचार संहिता में निकल गए और अब आगामी विधानसभा चुनावों के चलते जल्द ही फिर आचार संहिता लागू होगी। ऐसे में विकास कार्यों की गति निधि की कमी के कारण प्रभावित हो रही है। इसीलिए कोंढाली नगर पंचायत के लिए डेव्हलपमेंट प्लान की मंजूरी तत्काल आवश्यक है।

CMYK

# ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता: पालक मंत्री डॉ. भोयर

### > तहसील खेल परिसर का उद्घाटन, वर्धा में प्रकृति एवं क्रीड़ा केंद्र की होगी स्थापना

**वर्धा.**

जिले के युवा खिलाड़ियों में देश का नाम रोशन करने की क्षमता है और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यह बात पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने वर्धा तालुका खेल परिसर के उद्घाटन अवसर पर कही।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, क्रिकेटर केदार जाधव, जिला खेल अधिकारी आशा मेश्राम, उपविभागीय अधिकारी दीपक कारंडे, तहसीलदार संदीप पुंडेकर, तालुका खेल अधिकारी संदीप खोब्रागड़े, तालुका खेल विकास समिति के अध्यक्ष राजू मडावी व सचिव नीलेश



किटे उपस्थित थे। डॉ. भोयर ने कहा कि जिले में कई सामाजिक संस्थाएँ वृक्षारोपण, ऑक्सीजन पार्क और जनहित कार्यों में निस्वार्थ भाव से योगदान दे रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि टाटा कंसल्टेंसी की मदद से जिले में कौशल विकास केंद्र शुरू किया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही पहाड़ी क्षेत्र में उच्च-गुणवत्ता वाला खेल परिसर बन जाने से नागरिक योग, सैर के साथ अन्य खेलों का भी लाभ उठा सकेंगे। महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि जिला खेल परिसर को बीओटी आधार पर विश्वस्तरीय सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। साथ ही अधिकारियों को उच्च-स्तरीय स्विमिंग पूल और नया बैडमिंटन हॉल बनाने के लिए स्थान तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर क्रिकेटर केदार जाधव ने कहा कि वर्धा में हो रहे विकास कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगाने की अपील की। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी आशा मेश्राम ने तालुका क्रीड़ा संकुल की स्थापना से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईटीआई टेकड़ी क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई जमीन पर ट्रैक, मल्टीपर्पज मैदान, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल कोर्ट, शौचालय और अन्य खेल सुविधाएँ तैयार की गई हैं। इस अवसर पर नमो मैराथन प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सनी फुसाटे, द्वितीय शिवम बठ्ठे और तृतीय प्रयास कोल्हे ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में मधुरा पहाड़े प्रथम, यशस्वी राठौड़ द्वितीय और सेजल चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत ने किया और आभार प्रदर्शन संदीप खोब्रागड़े ने किया।

## ज.ने.मेडिकल कॉलेज के बायोकेमिस्ट्री विभाग का आयोजन

### उन्नत स्पेक्ट्रोफोटोमेट्रिक तकनीकों पर दो दिवसीय कार्यशाला



वर्धा. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, सावंगी (मेघे), वर्धा के बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा 'उन्नत स्पेक्ट्रोफोटोमेट्रिक तकनीक: रोग निदान एवं औषधि विकास हेतु प्रोटीन विश्लेषण' विषय पर दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में दिल्ली, नोएडा, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, नागपुर और वर्धा के प्रतिष्ठित चिकित्सा एवं औषधि महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर छात्रों के साथ-साथ चिकित्सा एवं औषधि अनुसंधान में कार्यरत संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला का मार्गदर्शन जियान जिओटोंग लिवरपूल विश्वविद्यालय, चीन के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. फैज़ इकबाल खान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की वैज्ञानिक डॉ. गीतांजलि सगेना, मोहम्मद खुर्शीद आलम खान क्रिसेंट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन, चेन्नई, डॉ. शाझिया जमाल ने किया।

कार्यशाला में इंटरैक्टिव लर्निंग, शोधकर्ताओं के बीच संचार तंत्र और बायोमेडिकल एवं फार्मास्युटिकल अनुसंधान में अत्याधुनिक वर्तमान विधियों पर चर्चा की गई। साथ ही, भाग लेने वाले विद्वानों को उन्नत स्पेक्ट्रोफोटोमेट्रिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ, जो मुख्य रूप से प्रोटीन विश्लेषण, निदान और औषधि विकास के लिए आवश्यक हैं।

कार्यशाला आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना ढोक, सह-अध्यक्ष डॉ. आशीष अंजनकर, सचिव एवं प्रशासनिक एवं वैज्ञानिक समन्वय के प्रबंध समन्वयक डॉ. मोहम्मद बशीरुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ. सना कौसैन और समिति के सदस्यों के कुशल समन्वय में सभी व्याख्यान, कार्यशालाएँ और सेमिनार सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को उच्च-गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और प्रभावी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ जिससे उनके शोध कौशल और वैज्ञानिक क्षमताएँ सुदृढ़ हुईं।

## तहसील कृषि अधिकारी किसानों के बांधों पर खेत शिवार क्षेत्र में पंचनामा शुरू



**सेलु.**

तहसील दहेगाव (गोसावी) के शिवार क्षेत्र में सप्ताह में भारी वर्षा के कारण कृषि फसल को भारी नुकसान हुआ है। वर्तमान में सोयाबीन की फसल काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गई है और पीले मोझेक रोग के साथ-साथ फंगल रोग के भारी प्रसार के कारण सोयाबीन की फसल पीली पड़ गई है और नष्ट होने के कगार पर है। परिणामस्वरूप, किसान अपनी जान गंवाने के कगार पर हैं। सरकारी कृषि विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्तमान में सोयाबीन की फसल 70% तक खराब हो गई है। उत्पादन में बड़ी कमी आएगी। यह प्रारंभिक अनुमान है। 29 सितंबर 2025 को दोपहर में वे दहेगाव के तुलजापुर स्थित किसानों के खेत में जाकर सोयाबीन का निरीक्षण किया और किसानों को राहत व मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान कृषि सहायक वैभव लिमभलकर, ग्राम विकास अधिकारी गुडवार, तलाठी मुडे, सोशल मीडिया भाजपा संजय पिसुड्डे, दीनाजी दुरतकर और किसान मुख्य रूप से उपस्थित थे। संभागीय तालुका कृषि अधिकारी ने किसानों को तत्काल सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

# डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय प.पू. स्वामी सत्यभक्त जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**वर्धा.**

कानून और व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग का प्रमुख कार्य है, लेकिन न्याय और सत्य के आधार पर प्रशासनिक एवं सामाजिक सेवाओं की जिम्मेदारी भी पुलिस विभाग बखूबी निभाता है। "सद्रक्षणाय खलनिग्रहणाय" पुलिस विभाग का मूलमंत्र है, जिसके अनुसार सज्जनों की रक्षा और दुर्जनों का दमन ही उद्देश्य है। इसी ध्येय को समाज में जागरूकता फैलाने के साथ जोड़कर कार्य करने वाले व्यक्तित्व को समाज में आदरणीय माना जाता है। ऐसे ही प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय का नाम लिया जा सकता है। यह विचार वर्धा के पुलिस अधीक्षक एस.पी. अनुराग जैन ने व्यक्त किए।

शासकीय विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय को प.पू. स्वामी सत्यभक्त जीवन गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रकांत उदगीकर, विदर्भ साहित्य संघ के अध्यक्ष प्रदीप दाते, कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे, ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही, एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टन



मोहन गुजरकर, स्वामी सत्यभक्त के पौत्र विजय सत्यम, वरिष्ठ समाजसेवी मोहनबाबू अग्रवाल, अधिवक्ता इब्राहीम बख्श आज़ाद, उप-विभागीय अभियंता विजय नाखले, प्रो. यशवंत मुल्लमवार, दिलीप चिंचमलातपुरे, राजु लभाणे, गुड्डू शर्मा, सुरज बोदिले, पल्लवी बोदिले, कु. फिजा खान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रस्तावना करते हुए इमरान राही ने कहा कि डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय ने अपने प्रशासनिक अनुभव, नैतिक आचरण और सकारात्मक दृष्टिकोण के आधार पर जो सामाजिक चेतना का मार्ग अपनाया है, वह सभी के लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय है।

इस अवसर पर डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा : "मुझे आज तक अनेक पुरस्कार मिले हैं, लेकिन प.पू. स्वामी सत्यभक्त जी के नाम से दिया जाने वाला यह जीवन गौरव पुरस्कार मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह सम्मान मेरे जीवन का आनंदमय क्षण है।"

कार्यक्रम में स्वामी सत्यभक्त के पौत्र विजय सत्यम एवं अन्य अतिथियों ने डॉ. उपाध्याय को शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और सम्मानचिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। प्रस्तावना इमरान राही ने की, संचालन मोहन मोहिते ने किया और आभार प्रदर्शन विजय सत्यम ने किया।

## सावंगी पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

### > स्थानीय अपराध शाखा की बड़ी कार्रवाई

**वर्धा.**

सावंगी पुलिस पर हमला कर फरार हुआ आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शुक्रवार को वर्धा पुलिस की स्थानीय अपराध शाखा ने इंदौर (मध्य प्रदेश) से आरोपी राजकुमार बावरी को गिरफ्तार किया। घटना 26 सितंबर 2025 की है, जब सावंगी पुलिस बोरगांव (मेघे) स्थित सिख बेड़ा इलाके में जुआ-सट्टे पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान जुआ-सट्टा चलाने वाले आरोपी राजकुमार बावरी ने पुलिस पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन ने आरोपी की तलाश के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने नागपुर, बुट्टीबोरी, अमरावती, अकोला सहित विभिन्न स्थानों पर छानबीन की, लेकिन आरोपी बार-बार ठिकाना बदलता रहा। इस बीच स्थानीय अपराध शाखा को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी इंदौर में छिपा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम इंदौर पहुंची और वहां होटलों, लॉज, रेलवे स्टेशन व बस स्टॉप क्षेत्र में तलाशी शुरू की। अंततः ट्रांसपोर्ट नगर स्थित चमन लॉज में छापेमारी के दौरान आरोपी राजकुमार बेतनसिंह बावरी (32 वर्ष), निवासी सिख बेड़ा, बोरगांव (मेघे) पुलिस को नजर आया। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। बाद में आरोपी को वर्धा लाकर सावंगी (मेघे) थाने के हवाले कर दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे तथा स्थानीय अपराध शाखा के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, उपनिरीक्षक राहुल इटेकार, प्रकाश लसुंते, हमीद शेख, शेखर डोंगरे, चंद्रकांत बुरंगे, सचिन इंगोले, प्रमोद पिसे, मंगेश चावरे, विकास मुंढे, दिनेश बोथकर और विशाल मडावी ने की।

# महाकाली महोत्सव में पलक मुछाल की आवाज़ में भक्ति का मधुर नज़ारा पेश

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

श्री माता महाकाली महोत्सव में प्रसिद्ध गायिका पलक मुछाल की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। उनकी वाणी से निकली हर पंक्ति भक्तों के हृदय में प्रार्थना बन गई। इस अवसर पर पलक मुछाल ने अपने भक्ति संगीत से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के दूसरे दिन आदिवासी विकास मंत्री प्रो. डॉ. अशोक उइके ने महोत्सव का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने 999 सावित्रिकी बेटीयों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में श्री माता महाकाली महोत्सव के अध्यक्ष विधायक किशोर जोरगेवार, भद्रावती वरोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक करण देवतले, डॉ. विजय देवतले, माता महाकाली महोत्सव समिति के सचिव अजय जायसवाल, कोषाध्यक्ष पवन सराफ, ट्रस्टी जयश्री कापसे, बलराम डोडानी, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश देवतले, नामदेव दाहुले, दशरथसिंह ठाकुर, तुषार सोम, वंदना हटगांवकर, रवि गुरुनुले, अरुण तिखे आदि मंच पर उपस्थित थे।

महोत्सव के पहले दिन, प्रसिद्ध



गायिका पलक मुछाल द्वारा मधुर भक्ति गीत कार्यक्रम रात 8 बजे शुरू हुआ। इससे पहले, माता महाकाली की महाआरती की गई। मंद हवा में लहराते झंडों की तरह, पलक मुछाल के गीतों की लय पर सैकड़ों भक्तों के हृदय झूम रहे थे। जय माता दी के नारों से महोत्सव का वातावरण और भी पवित्र हो गया। संगीत के दरबार में स्वरों की आरती के साथ भक्तों ने माता की आराधना की। उत्सव के दूसरे दिन प्रातः आरती के बाद सुबह 11 बजे महिला कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कवयित्रियों ने कविताओं के माध्यम से जनजागृति की और माता की आराधना की। दोपहर 2 बजे वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा आयोजित 999 वरिष्ठ माताओं का पालकमंत्री डॉ. अशोक उइके ने सम्मान किया। इससे पहले मंत्री उइके ने चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद मंत्री उइके और विधायक करण देवतले ने माता महाकाली की आरती की। दोपहर 3 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**माता महाकाली मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध मंत्री उइके :** विधायक किशोर जोरगेवार की पहल पर महाकाली उत्सव शुरू हुआ है। इस वर्ष यह चौथा वर्ष है और इस उत्सव के माध्यम से यहाँ की संस्कृति का देशभर में प्रसार हो रहा है। उत्सव में भक्ति के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों को भी प्रमुखता दी गई है। किशोर जोरगेवार राजनीति में सामाजिक कार्य करने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं और विधायक जोरगेवार मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए, आदिवासी विकास मंत्री और चंद्रपुर ज़िले के पालक मंत्री अशोक उइके ने कहा कि, "हम मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यह माता का मंदिर है, जो आदिवासी समुदाय के गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है। माता के आशीर्वाद से ही हम आज सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि नारी शक्ति का पर्व है और इस पर्व के माध्यम से नारी शक्ति का सम्मान किया जा रहा है। महाकाली महोत्सव केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं है, यह हमारी संस्कृति की प्राणवायु और समाज की शक्ति है। देवी की आराधना नारी शक्ति, मातृत्व और साहस का प्रतीक है। महाकाली का अर्थ है अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और सत्य के प्रति निष्ठा।

इस पर्व के अवसर पर सभी एक साथ आते हैं और विभिन्न जातियों, धर्मों और भाषाओं के लोग एक माँ की छत्रछाया में नतमस्तक होते हैं, यही सच्ची भारतीय संस्कृति है। इस पर्व के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति गीतों का गायन, धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक गतिविधियाँ हमारे समाज को नया जीवन प्रदान करती हैं। उन्होंने महाकाली महोत्सव के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह परंपरा हमारी पीढ़ियों को आस्था, अनुशासन और सामूहिकता का पाठ पढ़ाती है।

## गढ़बोरी में आतंकी तेंदुए को वन विभाग ने किया कैद

**सिंदेवाही.**

सिंदेवाही तहसिल के गडबोरी गांव में गुरुवार 18 सितंबर की रात गाँव के ही 8 वर्षीय प्रशिल बबन मानकर को घर के आंगन से ही तेंदुआ उठा ले गया था। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और लोगों में गहरी दहशत और आक्रोश की स्थिति हो गई थी। जिस कारण शव मिलने के बाद में भी गांव में दोपहर तक तनाव की स्थिति निर्माण हो गई थी। जिस वजह से पुलिस को विशेष दंगा निरोधक पथक बुलाकर पुरे गांव को छावनी के स्वरूप में बदलना पड़ा था।

इस घटना के बाद वन विभाग पूरी तरह से हरकत में आ गया और जगह-जगह पर ट्रैप कैमरे और पिंजरे लगाए गए थे उसी के चलते आतंकी तेंदुआ पिंजरे में आने से उसे पकड़ने में सफलता



हासिल हुई। इस परिसर में कोई और दुर्घटना ना घटे इसके लिए वन विभाग पूरी तरह से सतर्क है। फिर भी ग्रामीणों द्वारा सावधानियां बरतने की जरूरत है। और ग्राम पंचायत, वन समिति,और ग्राम निवासियों द्वारा परिवार के बच्चों और गांव की जिम्मेदारी लेते हुए गांव के लोगों की सुरक्षा हेतु, वन विभाग, और प्रशासन को साथ देकर श्रमदान करके जब तक संपूर्ण गांव परिसर में स्थित झाड़ियां के जंगल को साफ नहीं किया जाता, तब तक गांव के लोगों पर जंगली जानवरों के हमले की आशंका को नकारा नहीं जा सकता।

एक तेंदुए को पकड़े जाने की वजह से लोगों ने थोड़ी राहत की सास ली। फिर भी वन विभाग की संपूर्ण टीम गांव में दिन-रात गस्त कर रही है। कोई अनहोनी ना घटे इसके लिए और बाकी परिसर के तेंदुओं को भी पकड़ने की कोशिश युद्ध स्तर पर वन विभाग द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी कुमारस्वामी उपवनसंरक्षक ब्रम्हपुरी के मार्गदर्शन और आदेश पर डॉ.महेश गायकवाड सहाय्यक वनसंरक्षक इन्के नेतृत्व मे सिंदेवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी अंजलि सायंकार /बोरावार मैडम , राकेश आहुजा इनके मार्गदर्शन में यह कार्यवाही शिंदेवाही वन परिक्षेत्र के वन कर्मियों द्वारा की गई।

# सावली वन क्षेत्र में भालू के आतंक से छुटकारा

### > पाँच दिनों से बार-बार दिखाई दे रहा भालू को वन विभाग नें किया कैद

**चंद्रपुर.**

सावली वन क्षेत्र के व्याहाड उप-वन क्षेत्र से सटे विरखाल चकचे फार्म सीमा क्षेत्र में पिछले पाँच दिनों से बार-बार दिखाई दे रहे भालू को वन विभाग ने आखिरकार पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली है। इस बीच, भालू को देखकर भयभीत ग्रामीणों ने राहत की साँस ली है।

सावली वन क्षेत्र के गाईडोंगरी निर्दिष्ट क्षेत्र के अंतर्गत विरखाल चकचे फार्म सीमा और गाँव की सीमा में पिछले पाँच दिनों से ग्रामीणों को भालू की उपस्थिति की सूचना मिल



रही थी। इससे ग्रामीण भयभीत थे। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। पिछले चार दिनों से निर्दिष्ट क्षेत्र के वनरक्षक गाईडोंगरी और 'पीआरटी' टीम उक्त भालू पर नज़र रख रही थी।

शुक्रवार शाम करीब 8 बजे जब भालू गांव के पास पहुंचा तो गांव के लोगों की भीड़ चिल्लाने लगी और भालू डर के मारे गांव के पास एक इमली के पेड़ पर चढ़ गया। भालू पूरी रात पेड़ पर ही रहा। लेकिन शनिवार सुबह करीब 5 बजे भालू पेड़ से उतरा और विरखाल में भास्कर लक्ष्मण मरभाटे के नवनिर्मित घर में घुस गया। गश्त पर तैनात वन विभाग के कर्मचारी जो यह दृश्य देख रहे थे, उन्होंने तुरंत घर के दरवाजे बंद कर दिए।

वरिष्ठ वन अधिकारी को इसकी सूचना दी गई। चंद्रपुर वन विभाग के सहायक वन संरक्षक विकास तरसे, चंद्रपुर वन क्षेत्र अधिकारी घनश्याम नायगांवकर, परिवीक्षाधीन सुश्री इंगले, टीटीसी पशुधन विकास अधिकारी डॉ. कुंदन पोडचेलवार के मार्गदर्शन में चंद्रपुर की आरआरयू टीम ने अभियान चलाकर भालू को पिंजरे में कैद कर लिया.

## किसान संघ का राज्यव्यापी धरना आंदोलन

### > देवली तहसील कार्यालय पर किसानों ने जताया रोष

**देवली.**

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किसान संघ की ओर से राज्यव्यापी धरना आंदोलन किया गया। इसी कड़ी में देवली तहसील कार्यालय पर भी किसानों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपा।

किसान संघ की प्रमुख मांगों में राज्य में भारी बारिश से हुई फसलों की बर्बादी को देखते हुए "गिला दुष्काल" घोषित करने, किसानों को ₹50 हजार प्रति हेक्टेयर मुआवजा देने, एनडीआरएफ के मानदंडों में बदलाव, किसानों को पूर्ण कर्जमुक्त करने, कपास की खरीद सभी क्रय-विक्रय केंद्रों एवं किसान ऐप कार्यालयों में शुरू करने और वायदा बाजार पर लगे



प्रतिबंध हटाने की मांग शामिल रही।

इसके साथ ही किसानों ने फसल ऋण पर सिबिल स्कोर की शर्त खत्म करने, कपास पर 11% आयात शुल्क और धान-चावल पर पूर्व में हटाए गए शुल्क को पुनः लागू करने, जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा करने तथा साँप के काटने से मृत्यु होने पर अन्य जंगली जानवरों की तरह आर्थिक सहायता देने की मांग की।

इसके अलावा, किसानों ने विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता को तुरंत रद्द करने पर जोर दिया। धरने में किसान नेता नंदकिशोर काले, सतीश दानी, सचिन डाफे, खुशालराव हिवरकर सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मवेशियों के अवैध परिवहन में टेम्पो जब्त

**चामोर्शी.** पुलिस ने मवेशियों के अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक टेम्पो जब्त किया है। यह कार्रवाई 26 सितंबर को सुबह 3:45 बजे वलवंती चौक इलाके में की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के नाम अमोल सुधाकर घुगुल (निवासी निरतपुर तालुका वणी, जिला यवतमाल) और समीर खान इस्माइल खान (निवासी रंगनाथ नगर, वणी, जिला यवतमाल) हैं। उप-निरीक्षक कल्याणी पुट्टेवार और अंमलदार प्रियंका तुमराम व अन्य सहकर्मी रात्रि गश्त पर थे। पुलिस वाहन को देखकर टेम्पो ने अपनी गति बढ़ा दी। इससे पुलिस ने पीछा करके टेम्पो को रोका और उसकी तलाशी ली। घनी झाड़ियों में सात भैंसें चरती हुई पाई गईं।

## शारोन पब्लिक स्कूल के छात्रों का ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**घुग्घुस.**



खेल और युवा सेवा निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे तथा जिला खेल अधिकारी, चंद्रपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में शारोन पब्लिक स्कूल, घुग्घूस के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इस प्रतियोगिता में कुमारी विग्नेश महेश सुदाती ने 54 किलो वर्ग में और चरण राजेश लकाकुल्ला ने 58 किलो वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों प्रतिभाशाली छात्रों का चयन अब नागपुर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अपनी सफलता का श्रेय छात्रों ने विद्यालय की प्राचार्या मेरी ग्रेस मैडम, प्रबंधक स्टिफन सुंदी, शिक्षकों तथा अपने माता-पिता को दिया। पूरे घुग्घूस शहर से इन विजयी छात्रों पर बधाइयों और शुभकामनाओं की वर्षा हो रही है।

## स्मार्ट विलेज बीबी में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना

**कोरपना.** जिला परिषद चंद्रपुर के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जल जीवन मिशन के परियोजना निदेशक मच्छिंद्रनाथ धास ने पंचायत समिति कोरपना के अंतर्गत आवलपुर, नांदा और बीबी ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उनके साथ कोरपना के समूह विकास अधिकारी श्रीकांत बोबड़े भी थे। आवलपुर में सीवेज और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लंबित कार्यों की समीक्षा की गई।

**निधन वार्ता** | निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### अब्दुल ग़फ़्फ़ार शेख़



**नागपुर.** प्लांट नं 11, फ़रहत मंज़िल, अहबाब चौक निवासी इंजीनियर अब्दुल ग़फ़्फ़ार का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पीडब्ल्यूडी विभाग में डेप्यूटी इंजीनियर सेवा निवृत्त हुए थे । वे अहबाब मस्जिद के सचिव थे । आज सोमवार 29 सितंबर की रात 10 बजे ही उनकी नमाज़े जनाज़ा , जाफ़र नगर की जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। तत्पश्चात जरीपटका मुस्लिम कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे ख़ाक किया जाएगा। उनकी इकलौती संतान में एक पुत्र हैं । यह जानकारी उनके पुत्र इंजीनियर शोएब शेख़ 9822464089 ने दी।

## वर्ल्ड हार्ट डे पर डॉ. सचिन देव्हारे का नागपुर मेट्रो समाचार एवं बीसीएन न्यूज़ चैनल के कार्यालय में आगमन











**नागपुर.**

शहर के सुप्रसिद्ध नॉन-इनवेसिव प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजिस्ट एवं मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. सचिन देव्हारे ने वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर नागपुर मेट्रो समाचार (हिंदी डेली) एवं बीसीएन न्यूज़ चैनल के हनुमान नगर स्थित कार्यालय में विशेष आगमन कर मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने हृदय रोगों से जुड़ी गंभीर चुनौतियों, बढ़ती हृदय संबंधी बीमारियों और उनके नॉन-इनवेसिव इलाज पर विस्तार से बातचीत की।

डॉ. देव्हारे ने बताया कि आजकल युवाओं में भी हार्ट अटैक और ब्लॉकेज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने ईईसीपी थेरेपी को एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बताते हुए कहा कि यह यूएस-एफडीए अप्रूव्ड तकनीक है, जो बिना किसी चीर-फाड़, बायपास या एंजियोप्लास्टी के हृदय रोगियों के लिए लाभकारी है। मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर में आधुनिक तकनीक, अनुभवी टीम और व्यक्तिगत देखभाल के साथ मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा दी जाती है। डॉ. देव्हारे ने जीवनशैली सुधार, संतुलित खान-पान, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने को हृदय रोग से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय बताया। इस अवसर पर उनका एक विशेष इंटरव्यू बीसीएन स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया, जिसे जल्द ही बीसीएन न्यूज़ चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में नागपुर मेट्रो समाचार के बिज़नेस हेड इमरान दाऊदी, एडमिन शाहीना शेख और एंकर वेदांग चट्टे ने डॉ. देव्हारे का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया।

# दिग्रस में शेतकरी संघर्ष समिति का अर्धनग्न आंदोलन

### > किसान विरोधी नीति पर आंदोलन का अल्टीमेटम

**दिग्रस.**



इन दिनों बेतहाशा बारिश की बदौलत राज्यभर के किसानों पर आसमानी संकट टूट पड़ा है. दिग्रस तहसील में भी किसानों की सारी फसलें बर्बाद हो चुकी है. एक तरफ इस प्राकृतिक आपदा से किसान वर्ग आर्थिक संकट के कारण चिंता में डूबा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ राज्य सरकार द्वारा किसानों को मदद के नाम पर अत्यंत अल्प आर्थिक मदद दी जा रही है. राज्य सरकार की इस अल्प मदद से किसान वर्ग में कड़ी नाराजगी देखी जा रही है. इसी बात के मद्देनजर शेतकरी संघर्ष समिति ने सोमवार 29 सितंबर 2025 को दिग्रस तहसील कार्यालय पहुंच कर अर्धनग्न आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. उक्त ज्ञापन में शेतकरी संघर्ष समिति ने दावा किया है की, दिग्रस तहसील के सभी मंडलों में औसत से क़ई ज्यादा पैमाने पर बारिश हुई हुई है. ऐसे में राज्य सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही अल्प आर्थिक मदद किसानों के जख्म पर नमक छिड़कने जैसा है. समिति ने स्पष्ट किया की भारी बारिश से जो नुकसान हुआ है और जो स्थिति बनी हुई है वह स्थिति सरकारी नीति तथा नियमानुसार भीगा अकाल घोषित किए जाने के मापदंडों के लिए पूर्णतः योग्य है बावजूद इसके राज्य सरकार भीगा अकाल की घोषणा करने से पीछे क्यों हट रही है?. इस आशय का सवाल उक्त संगठन ने उठाया है. सरकार की इस हठधर्मी के विरोध में शेतकरी संघर्ष समिति ने अर्धनग्न आंदोलन कर राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों का कड़ा विरोध करते हुए भीगा अकाल घोषित किए जाने की मांग उठाई है. दिग्रस तहसीलदार के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को सौंपे गए इस ज्ञापन में किसानों को प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए मदद दिए जाने, संपूर्ण कर्जमाफी करने की मांग दर्ज की गई है. अन्यथा आगामी दिनों में शेतकरी संघर्ष समिति द्वारा बड़े पैमाने पर रास्ता रोको आंदोलन और मोर्चा आदि निकाला जाएगा. इस आशय की चेतावनी उपरोक्त ज्ञापन में दी गयी है.

# डायमंड ज्वैलरी की ओर से भव्य रास-गरबे का आयोजन

### श्रीमती वृंदा ताई ठाकरे रहीं प्रमुख अतिथि

**नागपुर.**

ओरा डायमंड ज्वैलरी की ओर से शहर में भव्य रास-गरबा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में श्रीमती वृंदा ताई ठाकरे ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राहुल के. पद्मावत ने ओरा की समृद्ध विरासत और विशिष्ट आभूषण संग्रह की जानकारी दी।

ओरा, जिसकी स्थापना वर्ष 1888 में हुई थी, आज भारत की अग्रणी हीरा एवं स्वर्ण आभूषण खुदरा श्रृंखला के रूप में जानी जाती है। वर्तमान में ओरा के पूरे देशभर में 40 शहरों में 92 से अधिक शानदार शोरूम और 5 वैश्विक डिज़ाइन केंद्र कार्यरत हैं, जो आधुनिक डिज़ाइन और नवाचार पर केंद्रित हैं।

### ओरा की खासियतें

**हीरे के आभूषण:** सगाई की अंगूठियां, पेंडेंट और विशेष 73-फेस वाला ओरा क्राउन स्टार।
**स्वर्ण आभूषण:** 22 कैरेट बीआईएस हॉलमार्क युक्त आभूषण।
**प्लैटिनम आभूषण:** दंपत्ति के लिए प्लैटिनम बैंड और विशेष कलेक्शन।
**प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे:** लोकप्रिय दिवा ब्रांड के अंतर्गत।
**दुल्हन कलेक्शन:** कुंदन पोल्की और रंगीन पत्थरों से सजे भव्य सेट।

ओरा हमेशा अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले और प्रमाणित आभूषण उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। दशहरा और दीपावली के उपलक्ष्य में कंपनी की ओर से विशेष ऑफर भी प्रस्तुत किये गए हैं, जो इस त्यौहार के मौसम को और अधिक रोशन और यादगार बनाएंगे।




# शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल ने ग्रामीण मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम किया शुरू

**नागपुर.** शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-आधारित मानसिक स्वास्थ्य सेवा अभियान में नया मानक स्थापित किया नागपुर के वानाडोंगरी में स्थित दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज से संलग्न, 1020 बेड्स वाला मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर लगातार मरीज-केंद्रित सामाजिक और सामुदायिक सेवाएं देने में अग्रणी रहा है। मोबाइल हेल्थ क्लिनिक, नशा मुक्ति केंद्र, महाआरोग्य शिविर और अन्य कई स्वास्थ्य अभियानों के जरिए इस हॉस्पिटल ने मध्य भारत के ग्रामीण इलाकों तक अपनी सेवाएं पहुंचाकर लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी होती है, इसलिए वहां रहने वाले लोगों को ज़रूरत पड़ने पर इलाज और मदद नहीं मिल पाती। इसी दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, नागपुर के सिविल सर्जन और जिला स्वास्थ्य अधिकारीने शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल को हिंगना तालुका के ग्रामीण इलाकों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने की अनुमति दी है। इस कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और काउंसलिंग सेवाएं दी जाएंगी। यह सेवाएं हर महीने के तय समय अनुसार उपलब्ध होंगी. रायपुर में महीने का पहला बुधवार अडेगांव में महीने का दूसरा बुधवार टाकलघाट में महीने का तीसरा बुधवार कन्होलीबारा में महीने का तीसरा शुक्रवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध होंगी। यह कार्यक्रम लोगों को न सिर्फ आसानी से सेवाएं उपलब्ध कराएगा बल्कि निरंतर देखभाल भी सुनिश्चित करेगा। व्यवहारिक और रिश्तों से जुड़ी समस्याओं को समझने और हल करने में मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिलेगा।। डीएमआईएचईआर (ऑफ कैंपस) के डायरेक्टर डॉ. अनुप मरार ने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के जीवन की गुणवत्ता को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण लोगों के लिए लंबी दूरी, खर्च और स्थानीय सुविधाओं की कमी के कारण विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध नहीं होतीं। ऐसी सेवाओं को सीधे उनके घर तक पहुँचाकर, शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल ने सभी समाजिक वर्गों के लिए समावेशी और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से प्रदर्शित किया है। हिंगना के विधायक समीर मेघे ने कहा कि पीएचसी के माध्यम से शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल द्वारा शुरू किया गया यह मानसिक स्वास्थ्य सहायता कार्यक्रम हिंगना तालुका के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा।

## नागपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स की 88वीं वार्षिक आमसभा आज

**नागपुर.** नागपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स लिमिटेड की 88वीं वार्षिक आमसभा मंगलवार, 30 सितंबर 2025 को शाम 4 बजे सेवासदन चौक, 73, सेंट्रल एवेन्यू, नागपुर-18 स्थित चेंबर के सभागृह में आयोजित की जाएगी।

संचालक मंडल ने एडवोकेट आलोक डागा को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा एडवोकेट सुयश अग्रवाल को चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

चेंबर के अध्यक्ष सी.ए. कैलाश जोगानी और सचिव विजय जयस्वाल ने सभी सदस्यों तथा चेंबर से जुड़े व्यापारिक संगठनों से अपील की है कि वे आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह आयोजन व्यापार समुदाय के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और आगामी योजनाओं पर निर्णय लिया जाएगा।

# भाजपा महामंत्री विजय कोंडुलवार ने लिया मंत्री बावनकुले का आशीर्वाद

**कामठी.**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कामठी शहर के महामंत्री और पूर्व संजय गांधी कमेटी के सदस्य विजय कोंडुलवार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री तथा नागपुर और अमरावती जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले जी से आशीर्वाद लिया। इस खास मौके पर मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने स्वयं विजय कोंडुलवार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजय कोंडुलवार ने भी अपने लाडले और मार्गदर्शक नेता बावनकुले का आशीर्वाद पाकर खुशी व्यक्त की। यह आयोजन भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सौहार्द और सम्मान का प्रतीक बना। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं मित्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विजय कोंडुलवार ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित महानुभावों का दिल से धन्यवाद अदा किया। यह कार्यक्रम कामठी शहर में भाजपा संगठन की मजबूती और शीर्ष नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं के सम्मान को दर्शाता है।



# मेलघाट में स्वास्थ्य व्यवस्था की नाकामी

### > सात दिनों में दूसरी मातृ मृत्यु, स्वास्थ्य विभाग का ध्यान कहां?

**अमरावती, राजेश मालवीय.**

मेलघाट की स्वास्थ्य व्यवस्था की दयनीय स्थिति एक बार फिर उजागर हुई है। केवल सात दिनों के भीतर दो मातृ मृत्यु होने से पूरा जिला हिल गया है। हतरू अस्पताल में इलाज के बाद घर लौटी 24 वर्षीय प्रसूता महिला की रविवार सुबह मौत हो गई। महज एक हफ्ते में दो मातृ मृत्यु होने से नागरिकों में आक्रोश की लहर है। शनिवार रात प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई थी। रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतका चिखलदरा तालुका की निवासी थी और उसने हाल ही में शिशु को जन्म दिया था। मातृ मृत्यु की दर कम करने के लिए सरकार करोड़ों का फंड खर्च कर रही है, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, यह एक बार फिर साबित हो गया है।

चिखलदरा तालुका में पिछले हफ्ते ही एक महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई थी। अब सात दिनों में दूसरी मौत होने से स्वास्थ्य तंत्र के कामकाज पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति, मोबाइल मेडिकल टीमों का अभाव, विशेषज्ञों की कमी, दवाओं की किल्लत, जरूरी उपकरण और कर्मचारियों की कमी जैसी गंभीर खामियाँ अब भी बनी हुई हैं।

**करोड़ों का खर्च, फिर भी हालात जस के तस :** मेलघाट की स्वास्थ्य




सेवाओं के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये उपलब्ध कराती है। लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, कुपोषण और वंचितों को स्वास्थ्य सेवा न मिलना जैसी समस्याएं आज भी कायम हैं।

**आदिवासी नागरिकों का आक्रोश:** न घटनाओं से ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश है। “हर साल सरकार के खजाने से पैसा खर्च होता है, लेकिन ग्रामीण महिलाओं को प्रसव जैसी प्राथमिक सुविधाएं भी नहीं मिलतीं। यह प्रशासन की लापरवाही है,” ऐसा आरोप स्थानीय नागरिकों ने किया। मेलघाट में मातृ मृत्यु रोकने के लिए तुरंत जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कर स्वास्थ्य व्यवस्था में उचित सुधार करना बेहद जरूरी हो गया है।



**सौसर शहर के वार्ड न. 15 मोक्ष धाम मार्ग पर स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान**

# सौंसर के रामाकोना में पति द्वारा पत्नी की हत्या

**सौंसर.**



रामाकोना में रविवार की रात पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने की घटना घटित हुई है। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। सौसर थाना से मिली जानकारी के अनुसार गांव में ईदगाह के पास दंपति झोपड़ी में रहते थे। घटना के समय पति-पत्नी दोनों शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पति पुजाराम तुमडाम ने पत्नी शांता बाई के सिर पर डंडे से जबरदस्त वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के दो बेटे हैं, लेकिन घटना के समय दोनों गांव से बाहर थे। पुलिस ने घटना की जांच की जा रही है।

## वाठोड़ा में दिनदहाड़े घरफोडी, 1.57 लाख रुपये के गहने चोरी

**नागपुर.** वाठोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक घर में सेंध लगाकर 1.57 लाख रुपये के सोने के गहने चुरा लिए। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना 27 सितंबर 2025 की है। वाठोड़ा थाना क्षेत्र के प्लॉट नं. 31, रामकृष्ण नगर, दिघोरी, निवासी पंकज रमेशराव मोहाले (40) अपने घर को ताला लगाकर काम से चंद्रपुर गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर के पास निर्माणाधीन इमारत से गैलरी में उतरकर, बेडरूम का लकड़ी का दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। अलमारी के लॉकर में रखे सोने के अलग-अलग आभूषण चोरी कर लिए।

# पूर्व सांसद अशोक नेते के प्रयासों को सफलता

### > नागपुर–सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव मंचेरियाल में मंजूर

**गढ़चिरोली.**

सिरोंचा तहसील के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को आखिरकार सफलता मिली है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद अशोक नेते के निरंतर प्रयासों से नागपुर–सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव अब रामगुंडम के स्थान पर मंचेरियाल में देने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

यह मांग भाजपा बूथ समिति सदस्य, वार्ड नं. 5 सिरोंचा शहर, लियाकत हुसैन शेख ने अशोक नेते के संज्ञान में लाई थी। यात्रियों को हो रही भारी असुविधा को देखते हुए डॉ. नेते ने यह निवेदन केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को प्रस्तुत कर निरंतर अनुसरण किया। अंततः उनके प्रयासों से मंचेरियाल में ठहराव देने का निर्णय हुआ।



रामगुंडम स्टेशन पर ठहराव होने के कारण सिरोंचा के यात्रियों को सीधी बस सेवा न मिलने से उन्हें ऑटो या टैक्सी से महंगा किराया चुकाकर सफर करना पड़ता था। लेकिन अब मंछेरियाल से नियमित बस सेवा उपलब्ध होने से यात्रियों का समय, धन और श्रम की बचत होगी।

इस निर्णय से सिरोंचा तहसील में हर्ष का वातावरण है और आम यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

इस सफलता पर अशोक नेते ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। साथ ही सिरोंचा क्षेत्र के नागरिकों ने भी अशोक नेते के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित कर कृतज्ञता जताई।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 369-8 | 350-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 155-1 | 579-1 |

# किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: मुनगंटीवार

### > किसानों की उत्पादन लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना
### > कृषि केवल एक व्यवसाय नहीं है, बल्कि आर्थिक स्थिरता का साधन है

**चंद्रपुर.**

पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्यपालन राज्य मंत्री एवं विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कृषि केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि किसानों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करने का एक साधन है। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने का विश्वास व्यक्त किया।

कृषि पंप, धान बोनस, ऋण माफी, कृषि यंत्रीकरण, प्रशिक्षण केंद्र, कृषि महाविद्यालय और कृषि बाजार जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य और जिले के किसानों के लिए उत्पादन लागत कम करने और आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना हमारा दृढ़ संकल्प है ताकि कृषि किसानों के जीवन में केवल एक अनिवार्य व्यवसाय न रहकर, आर्थिक स्थिरता और मजबूती प्रदान करने वाला पेशा बन जाए, ऐसा आश्वासन सुधीर मुनगंटीवार ने दिया।

कृषि पंप बिजली कनेक्शन के लंबित मामलों की समीक्षा और उपाय करने के लिए श्यामाप्रसाद मुखर्जी पुस्तकालय में एक बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष बंडू गौरकर, महासचिव भालचंद्र वडसकर, महावितरण विशेषज्ञ माधव जीवतोड़े, युवा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पलिंद्र सातपुते, अनिल मोरे, प्रभाकर ताजणे, विजय गुरनुले, रवींद्र चाहरे आदि उपस्थित थे।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, आज जिला वार्षिक योजना बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के मुद्दों पर प्राथमिकता से चर्चा की गई। विधानसभा में किसानों का प्रतिनिधित्व करते हुए मैंने स्पष्ट किया कि कृषि पंप चंद्रपुरकरों का अधिकार



है। विदर्भ का बकाया 1 लाख 26 हजार से अधिक है। पश्चिम महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर मांगने वालों को कृषि पंप दिए गए। उन्होंने कहा कि विदर्भ के किसानों का अधिकार उन्हें पूरी तरह से दिया जाना चाहिए। जब वे वित्त मंत्री थे, तब उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज कृषि सम्मान योजना शुरू की थी। इस योजना के माध्यम से उन्होंने किसानों को कर्ज से मुक्त करने का प्रयास किया।`

जब मैं महाराष्ट्र चुनाव घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति का अध्यक्ष था, तब मैंने घोषणापत्र में किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा पुरजोर तरीके से शामिल किया था।

किसानों के जीवन में कृषि एक मजबूरी नहीं, बल्कि एक लाभदायक पेशा होना चाहिए और मैं किसानों के लिए प्राथमिकता के आधार पर जो कुछ भी कर सकता हूं, करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। किसानों ने बिजली कनेक्शन की मांग का भुगतान करने के बावजूद, उनके चेक विभाग द्वारा लौटाए जा रहे हैं। हालांकि, महावितरण के अधिकारी इन चेकों को वापस करने का कारण नहीं बता सके। चंद्रपुर जिले के लिए 7,000 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक आवंटित किया गया था। न केवल महाराष्ट्र में बल्कि देश में भी पहली बार कोरोमंडल कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और मामला दर्ज किया गया। हमने कानून के दायरे में किसानों के अधिकारों के लिए लड़ने का दृढ़ निश्चय किया। पोभुर्णा तालुका के 7 किसानों को राज्य कृषि पुरस्कार मिला है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है.

उन्होंने आगे कहा कि, जब मैं सांस्कृतिक मामलों का मंत्री था, तब चंद्रपुर में 80 करोड़ रुपये की लागत से किसानों के लिए कृषि हाट का आयोजन किया जा रहा था। इस हाट के माध्यम से किसानों के उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाए जा सकेंगे। मुल में एक कृषि महाविद्यालय स्थापित किया जा रहा है, और पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से अजयपुर में एक किसान प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा रहा है।